**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 75.**

**24 नवम्बर, 2014 को उत्तर के लिए**

**इस्पात इकाइयां**

75. श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवालः
कुमारी शोभा कारान्दलाजेः
डॉ वीरेन्द्र कुमारः
श्री पी नागराजनः
श्रीमती ज्योति धुर्वेः
श्री हेमन्त तुकाराम गोडसेः
डॉ ए सम्पतः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में इस्पात का उत्पादन करने वाली सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की कंपनियों की राज्य-वार संख्या कितनी है;

(ख) गत वर्ष के दौरान देश में इस्पात संयंत्र की स्थापना करने के लिए सरकार और निजी कंपनियों के बीच हस्ताक्षरित एमओयू की राज्य-वार और कंपनी-वार संख्या कितनी है;

(ग) क्या गत तीन वर्षों के दौरान लौह अयस्क और इस्पात के उत्पादन में कमी हुई है एवं यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार का विचार इस्पात उद्योग को बढ़ावा देने के लिए कोई योजना बनाने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) गत तीन वर्षों के दौरान देश में लौह अयस्क के निवल उत्पाद और इस्पात के प्रति व्यक्ति उपभोग का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**इस्पात और खान राज्य मंत्री** **श्री विष्णु देव साय**

(क) देश में इस्पात का उत्पादन करने वाले सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की कंपनियों की राज्यवार संख्या का ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।

(ख) इस्पात एक नियंत्रण मुक्त क्षेत्र है। सरकार इस्पात संयंत्रों की स्थापना में कोई प्रत्यक्ष भूमिका नहीं निभाती है।

(ग) गत तीन वर्षो के दौरान लौह अयस्क और क्रूड इस्पात के घरेलू उत्पादन के आंकड़े नीचे दिए गए है। आंकड़े यह प्रदर्शित करते है कि इस अवधि के दौरान देश में क्रूड इस्पात के उत्पादन में निरन्तर वृद्धि हुई है। यद्यपि वर्ष 2011-12 की तुलना में वर्ष 2012-13 में लौह अयस्क के उत्पादन में गिरावट हुई है फिर भी वर्ष 2012-13 की तुलना में वर्ष 2013-14 में वृद्धि हुई है। देश में वर्ष 2012-13 में लौह अयस्क के उत्पादन में गिरावट प्रमुख उत्पादक राज्यों यथा कर्नाटक और गोवा में खनन कार्यो पर प्रतिबंध (निर्यात समेत) लगाये जाने के कारण हुई है।

| लौह अयस्क और क्रूड इस्पात का उत्पादन (मिलियन टन) | | | |
|---|---|---|---|
| उत्पादन की मात्रा | 2011-12 | 2012-13 | 2013-14 |
| लौह अयस्क (1) | 169 | 136 | 151 |
| क्रूड इस्पात (2) | 74.29 | 78.42 | 81.69 |

स्रोत: (1) भारतीय खान ब्यूरो (आईबीएम), नागपुर (2) संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी)

(घ) सरकार ने इस्पात उद्योग को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए है:-

(i) इस्पात क्षेत्र में विभिन्न निवेश परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने और प्रभावी समन्वय स्थापित करने के लिए इस्पात मंत्रालय में एक अंतर मंत्रालयीन समूह (आईएमजी) का गठन किया गया हैं।

(ii) इस्पात क्षेत्र समेत विनिर्माण/अवसंरचना क्षेत्र में 1000 करोड़ रूपये अथवा इससे अधिक के निवेश वाली परियोजनाओं के लिए विभिन्न स्वीकृतियों में तेजी लाने/इनमें विलम्ब करने वाले मुद्दों का समाधान करने के लिए मंत्रिमण्डल सचिवालय के अधीन एक परियोजना निगरानी समूह (पीएमजी) का गठन किया गया हैं।

(iii) घरेलू इस्पात उद्योग के लिए लौह अयस्क की उपलब्धता सुधारने और घरेलू मूल्य वर्धन बढ़ाने के लिए लौह अयस्क के निर्यात पर शुल्क बढ़ाकर 30 प्रतिशत किया गया है। हाल ही में सरकार ने लौह अयस्क पैलेटों के निर्यात पर यथा मूल्य 5 प्रतिशत की दर से निर्यात शुल्क लगाया है।

(iv) वर्ष 2014-15 के केंद्रीय बजट में स्टेनलेस स्टील के चपटे उत्पादों पर सीमा शुल्क की दर 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.5 प्रतिशत की गई है।

(ड.) देश में लौह अयस्क के उत्पादन, निर्यात, निर्यात पश्चात् शुद्ध उत्पादन और कुल फिनिश्ड इस्पात की प्रति व्यक्ति खपत के आंकड़े नीचे दिये दिये है:-

| मद | यूनिट | 2011-12 | 2012-13 | 2013-14 |
|---|---|---|---|---|
| क. लौह अयस्क का उत्पादन(1) | मिलियन टन | 169 | 136 | 151 |
| ख. लौह अयस्क का निर्यात(2) | मिलियन टन | 47 | 18 | 16 |
| ग. निर्यात पश्चात् शुद्ध उत्पादन | मिलियन टन | 122 | 118 | 135 |
| घ. कुल फिनिश्ड इस्पात की प्रति व्यक्ति खपत (3) | किलो ग्राम | 58.2 | 59.3 | 59.2 |
| स्रोतः (1) भारतीय खान ब्यूरो (आईबीएम) (2)महानिदेशक विदेश व्यापार (डीजीएफटी) (3) संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी) | | | | |

***

(लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 75, दिनांक 24 नवम्बर 2014)

**अनुलग्नक**

| सयंत्र | राज्य |
|---|---|
| **सेल संयंत्र (पीएसयू)** | |
| भिलाई इस्पात संयंत्र | छत्तीसगढ़ |
| दुर्गापुर इस्पात संयंत्र | पश्चिम बंगाल |
| राउरकेला इस्पात संयंत्र | ओडिशा |
| बोकारो इस्पात संयंत्र | झारखण्ड |
| इस्को इस्पात संयंत्र | पश्चिम बंगाल |
| अलॉय इस्पात संयंत्र | पश्चिम बंगाल |
| सेलम इस्पात संयंत्र | तमिल नाडू |
| विश्वेश्वरैया स्टील प्लांट लिमिटेड | कर्नाटक |
| आरआईएनएल/विज़ाग इस्पात संयंत्र | आंध्र प्रदेश |
| **कुल सार्वजनिक क्षेत्र (ईकाइयों की संख्या – 9)** | |
| **निजी क्षेत्र** | |
| **राज्य** | **कार्यरत ईकाइयां** |
| आंध्र प्रदेश | 47 |
| अरूणाचल प्रदेश | 1 |
| असम | 12 |
| बिहार | 42 |
| चंडीगढ | 2 |
| छत्तीसगढ़ | 69 |
| दमन | 12 |
| दादर नागर हवेली | 27 |
| गोवा | 20 |
| गुजरात | 60 |
| हरियाणा | 14 |
| हिमाचल प्रदेश | 15 |
| जम्मू और कश्मीर | 7 |
| झारखण्ड | 131 |
| कर्नाटक | 29 |
| केरल | 41 |
| मध्य प्रदेश | 15 |
| महाराष्ट्र | 74 |
| मेघालय | 12 |
| दिल्ली | 3 |
| ओडिशा | 116 |
| पुद्दुचेरी | 19 |
| पंजाब | 128 |
| राजस्थान | 62 |
| तमिल नाडू | 116 |
| तेलंगाना | 45 |
| उत्तर प्रदेश | 95 |
| उत्तराखण्ड | 21 |
| पश्चिम बंगाल | 86 |
| **योग : निजी क्षेत्र** | **1321** |
| **स्रोत : संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी)** | |